संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, रविवार, 26 फरवरी 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 12 अंक: 56 पृष्ठ: 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com हिमाचल संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस अधिवेशन में सोनिया गांधी अधिवेशन को संबोधित करती हुई।




राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 12 अंकः 56 पृष्ठः 12
RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com
हिमाचल संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड




महागठबंधन रैली के दौरान बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नेताओं का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

## भारत-जर्मनी के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता



**नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि जर्मनी के साथ भारत की रणनीतिक भागीदारी में रक्षा एवं सुरक्षा महत्वपूर्ण स्तंभ हैं और दोनों देश इससे जुड़ी संभावनाओं को पहचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। भारत और जर्मनी हरित और टिकाऊ साझेदारी, जलवायु कार्रवाई और एसडीजी, हरित हाइड्रोजन और जैव ईंधन पर मिलकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज के बीच शनिवार को द्विपक्षीय वार्ता हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया जैसे अभियानों के चलते भारत में हर क्षेत्र में नए अवसर पैदा हो रहे हैं।

## समान विचारधारा वाले दलों को साथ लेकर चलेगी कांग्रेसः खड़गे



**रायपुर/नई दिल्ली/टीम एक्शन इंडिया**
**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी समान विचारधारा वाले दलों को साथ लेकर चलेगी। खड़गे ने शनिवार को कांग्रेस के 85वें महाअधिवेशन के दूसरे दिन के प्रथम सत्र को रायपुर में संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ऐसे सभी दलों को साथ लेकर चलेगी जो भाजपा और आरएसएस की विचारधारा से लड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश जोड़ने का काम करती है जबकि भाजपा देश तोड़ना चाहती है। ऐसे में समान विचारधारा के लोगों को एक मंच पर आने की जरूरत है तभी देश के संवैधानिक संस्थानों को बचाया जा सकेगा।

# माफिया को मिट्टी में मिला देंगेः योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विपक्ष पर तंज-सपा ने अपराधी को सांसद बनाया, अब तमाशा कर रहे, सात संदिग्ध हिरासत में

**विपक्ष निशाने पर**

= हम माफिया के खिलाफ हैं, उन्हें मिट्टी में मिला देंगे। हम किसी भी माफिया को नहीं छोड़ेंगे, सपा ने ही अतीक अहमद को बढ़ावा दिया है



**प्रयागराज/टीम एक्शन इंडिया**
**बसपा** विधायक राजू पाल हत्याकांड के मुख्य गवाह उमेश पाल और गनर की शुक्रवार को हुई हत्या के मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने अतीक अहमद के साथ ही अतीक के भाई, पत्नी शाइस्ता परवीन, अतीक अहमद के दो बेटों और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। प्रयागराज पुलिस ने अतीक अहमद के दोनों बेटों के साथ करीब सात संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इधर, सीएम योगी ने सदन में जवाब दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'हम माफिया के खिलाफ हैं, उन्हें मिट्टी में मिला देंगे। हम किसी भी माफिया को नहीं छोड़ेंगे।' उन्होंने कहा कि सपा ने ही अतीक अहमद को बढ़ावा दिया है। अपराधी को सांसद बनाओ फिर तमाशा करो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा माफिया को बढ़ाती है। राजू पाल हत्याकांड में अतीक अहमद दोषी है, उसे सपा ने विधायक बनाकर बढ़ावा दिया।

**बसपा विधायक रहे राजू पाल की 2005 में हत्या की गई थीः** इलाहाबाद पश्चिमी के बसपा विधायक रहे राजू पाल की 25 जनवरी 2005 को सुलेमसराय में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी पूजा पाल कौशांबी की चायल सीट से सपा की विधायक हैं। राजू पाल हत्याकांड में पूर्व सांसद अतीक अहमद व उनके छोटे भाई पूर्व विधायक खालिद अजीम उर्फ अशरफ समेत अन्य लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। उमेश पाल घटना का मुख्य गवाह था। वह राजू पाल की पत्नी पूजा पाल की सगी बुआ का लड़का था। राजू पाल हत्याकांड की जांच सीबीआई ने की थी। इसमें उमेश पाल मुख्य गवाह थे। यही कारण है कि उन्हें कई बार जान से मारने की धमकी मिली थी। राजू पाल की पत्नी विधायक पूजा पाल ने भी कई बार आशंका जताई थी कि गवाही को प्रभावित करने के लिए उमेश पाल की हत्या हो सकती है। उमेश पाल ने भी अपनी जान को खतरा बताया था।

### पुलिस ने बीजेपी नेता को उठाया, ड्राइवर से पूछताछ

**एसटीएफ** ने उमेश पाल हत्याकांड में बीजेपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहिल हसन को रसूलाबाद निवास से सवा दस बजे उठाया है। गोपनीय तरीके से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उमेश के ड्राइवर प्रदीप शर्मा की भूमिका को भी संदिग्ध मान रही है। देर रात से ही पुलिस प्रदीप से पूछताछ में जुटी है। साथ ही कॉल डिटेल भी निकलवाया जा रहा है। घटना के बाद प्रदीप गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था।

### पूर्वांचल के शूटरों पर हमला कराने का शक

**सीसीटीवी** फुटेज खंगालने के बाद सामने आया है कि एक बदमाश झोले से बम निकालकर मारते दिख रहा है। हमले में पूर्वांचल के शूटरों का हाथ होने का शक है। यही वजह है कि हमलावरों को पकड़ने के लिए स्पेशल टॉस्क फोर्स में प्रयागराज, लखनऊ, गोरखपुर और वाराणसी की टीमें लगाई गई हैं। उमेश पाल के घर पर भी हमले के बाद पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है। शनिवार दोपहर उमेश पाल का दाह संस्कार कराया जाएगा।

## सोनिया का राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा



**रायपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**छत्तीसगढ़** की राजधानी रायपुर में चल रहे कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने राजनीति से रिटायरमेंट का इशारा कर दिया। सोनिया ने शनिवार को अपने संबोधन में कहा- भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही मेरी राजनीतिक पारी अब अंतिम पड़ाव पर है। सोनिया ने पहली बार पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी संभालने से लेकर अब तक आए उतार-चढ़ाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि 1998 में जब मैं पहली बार पार्टी अध्यक्ष बनी तब से लेकर आज तक यानी पिछले 25 सालों में बहुत कुछ अच्छा और कुछ बुरा अनुभव भी रहा। 2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय। यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का मुझे पूरा सहयोग मिला। जिस बात से मुझे सबसे ज्यादा संतुष्टि है, वह ये कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ अब मेरी पारी समाप्त हो सकती है। ये पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। सोनिया बोलीं- 2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय। यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा।

## जब लोकतंत्र बचेगा तभी होगी राजनीतिः लालू यादव



**पटना/पूर्णिया/टीम एक्शन इंडिया**
**पूर्णिया** के रंगभूमि मैदान में शनिवार महागठबंधन की महारैली को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संबोधित करते हुए राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कहा कि हम लोगों को मिलकर पहले लोकतंत्र को बचाना है। जब लोकतंत्र बचेगा तभी राजनीति होगी। लालू यादव ने कहा कि भाजपा पार्टी नहीं है। यह आरएसएस का मुखौटा है। आरएसएस जो चाहता है, वही नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

## नीतीश विकासवादी से अवसरवादी बनेः अमित शाह



**पटना/टीम एक्शन इंडिया**
**जहां** एक ओर सत्तारूढ़ महागठबंधन पूर्णिया में एक मंच पर जुटकर भाजपा मुक्त भारत बनाने की घोषणा करने की तैयारी में है, वहीं दूसरी ओर शनिवार को ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बगहा में पहुंचकर जदयू-राजद गठबंधन को पानी-तेल का महागठबंधन करार दिया। उन्होंने कहा कि नकली शराब की बिक्री हो रही, अपराधी वापस जाग गए हैं, कोई सुरक्षित नहीं है और बिहार के मुख्यमंत्री हिम्मत नहीं कर पा रहे। उन्हें तो हर तीन साल में प्रधानमंत्री बनने का सपना आता है। शाह ने 2024 में दोबारा नरेंद्र मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया और एक-एक कर चंपारण-आसपास में केंद्र की ओर से किए विकास कार्यों को गिनाया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भेजी राशि पर गलतबयानी कर नीतीश कुमार विकास कार्यों को बाधित कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से कहा कि जो 15 हजार करोड़ की मदद हमारे प्रधानमंत्री ने बिहार को भेजी है, उसमें रोड़ा मत बनिए।



# लाहुल स्पीति में साहसिक खेलों को मिलेगा बढ़ावाः सुखविंदर सिंह सुक्खू

## विधायक रवि ठाकुर ने मुख्यमंत्री के साथ बैठक कर बनाई रणनीति, कैप्टन रवीना ठाकुर भी रही मौजूद

**केलांग/अंगारिया**

विंटर टूरिज्म से जुड़ी परियोजनाओं पर युद्ध स्तर पर कार्य होगा जिससे, युवाओं को रोजगार के नए रास्ते खुलेंगे।

लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से एक विशेष बैठक की। इस बैठक में विधायक रवि ठाकुर व कैप्टन रवीना ठाकुर द्वारा मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को लाहुल स्पीति में शुरू किए जाने वाली नई परियोजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। विधायक रवि ठाकुर ने मुख्यमंत्री को बताया कि इन परियोजनाओं में स्पीति घाटी के क्वांग की स्की स्लोप पर स्की लिफ्ट लगाई जानी हैं। लाहुल के सिस्सू में आईस हॉकी रिंक का निर्माण किया जाना है। इसके अलावा त्रिलोकनाथ में स्की लिफ्ट

**8 विधायक रवि ठाकुर ने बताया कि इन परियोजनाओं में स्पीति घाटी के क्वांग की स्की स्लोप पर स्की लिफ्ट लगाई जानी है**

का निर्माण भी प्रस्तावित है। जोवरंग गांव में भी आईस हॉकी स्केटिंग रिंक बनाया जाना है। जिस्पा में भी आईस हॉकी स्केटिंग रिंक बनाया जाना है। लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने मुख्यमंत्री को जानकारी देते हुए बताया कि उक्त सभी नई परियोजनाओं को वर्ष 2023 व 2024 में धरातल पर उतारने का लक्ष्य रखा गया है। इसी तरह जो नई योजनाएं अगामी तीन वर्षों में तैयार की जानी है उनमें केलांग से कारदंग गांव तक स्की लिफ्ट का निर्माण किया जाना है, वहीं विंटर



टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए लाहुल में हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग सेंटर एसएआई का निर्माण भी प्रस्तावित है। विधायक रवि ठाकुर ने बैठक में कहा कि लाहौल स्पीति में सर्दियों में भी पर्यटकों की आवाजाही बनी रहे इसे लेकर भी वह प्रयास कर रहे हैं साथ ही साथ कुछ नई योजनाओं को भी आगामी समय में धरातल पर उतारने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से यह आग्रह करते हैं कि लाहुल स्पीति में भी पड़ोसी राज्य जम्मू कश्मीर की तर्ज पर विंटर गेम की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं करवाई जाए ताकि घाटी में विंटर स्पोर्ट्स के साथ विंटर टूरिज्म को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास है कि लाहौल स्पीति में विंटर टूरिज्म को बढ़ावा दिया जाए और पर्यटन कारोबार से जुड़े हुए लोगों को इसका लाभ आसानी से मिल सके। यही नहीं घाटी के युवाओं को इस क्षेत्र में अधिक से अधिक रोजगार मिले इसे लेकर भी वे प्रयासरत हैं। विधायक रवि ठाकुर ने बैठक में कहा कि लाहुल स्पीति में रोप वे और हेलीपोर्ट का निर्माण भी प्रस्तावित हैए जिनका प्रारूप भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए वह लगातार कार्य कर रहे हैं और वे सरकार से भी यह आग्रह करते हैं कि विंटर स्पोर्ट्स और साहसिक गतिविधियों के कार्यों को रफ्तार देने में उनका पुरा सहयोग करे। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह आग्रह भी किया कि साहसिक गतिविधियों को लेकर जो भी नई परियोजनाएं उनके समक्ष रखी गई है उनसे सबंधित दस्तावेज भी जल्द से जल्द केंद्रीय खेल मंत्रालय को भेजे जाएं ताकि इन योजनाओं को धरातल पर उतारा जा सके। उधरए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लाहौल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि लाहौल स्पीति में प्रस्तावित उक्त सभी परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर तैयार किया जाएगा और वे पूरा सहयोग उनका करेंगे। उन्होंने कहा कि विंटर स्पोर्ट्स और लाहौल स्पीति में पर्यटकों की चहलकदमी को बढ़ाने को लेकर भी सरकार प्रयास करेगी और इस संबंध में जरूरी दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि लाहुल स्पीति में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर की विंटर गेम का आयोजन भी करवाया जाएगा। इस अवसर पर कैप्टन रवीना ठाकुर ने भी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के समक्ष लाहौल स्पीति में शुरू होने वाली विकासात्मक योजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की और कुछ सुझाव भी अपनी तरफ से उनके समक्ष रखें, जिसे मुख्यमंत्री ने काफी सराहा।

# पार्वती परियोजना के सौजन्य से प्रेस क्लब सैंज ने निकाली स्वच्छता रैली

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**



पार्वती परियोजना चरण-तीन के सौजन्य से प्रेस क्लब ऑफ सैंज ने स्वच्छता रैली का आयोजन किया। यह रैली गेमन गेट से प्रेस क्लब कार्यालय तक निकाली गई। इस रैली में प्रेस क्लब सैंज के सदस्य, व्यापार मंडल, सैंज कॉलेज सहित आम जनता ने भाग लिया। इस अवसर पर सैंज बाजार में सफाई अभियान भी चलाया। जबकि रैली के माध्यम से जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। इसके बाद प्रेस क्लब में सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। इस रैली में एनएचपीसी की ओर से ग्रुप महाप्रबंधक सिविल कोमल कुमार, बरिष्ठ प्रबंधक मानव संसाधन जीटीएस राजू, बरिष्ठ प्रबंधक विजय सिंह, उप प्रबंधक रविन्द्र नाथ, प्रदीप दुवे, भाषा अधिकारी नरेश कोमल आदि उपस्थित रहे। जबकि प्रेस क्लब की ओर से जिला प्रधान धनेश गौतम, सैंज प्रेस क्लब के प्रधान झाबे राम ठाकुर, महा सचिव बुद्धि सिंह ठाकुर, सपना शर्मा, अशोक कुमार, रमेश धामी, महेंद्र पालसरा, अशोक कुमार आदि उपस्थित रहे। जबकि सयुक्त संघर्ष समिति के प्रधान महेश शर्मा, व्यपार मंडल के अध्यक्ष खेवा राम कायथ, उपाध्यक्ष लग्न चंद, महासचिव लीलाधर चौहान, डिग्री कालेज के प्रधानाचार्य आरके सिंह सहित कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्रुप महा प्रबंधक कोमल कुमार ने कहा कि प्रेस क्लब सैंज सराहनीय कार्य कर रहा है।

# बनारस में राजगढ़ के दो खिलाड़ियों ने सिल्वर व ब्रॉन्ज मेडल जीता

**नाहन/एसपी जैरथ**

राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में राजगढ़ के दो खिलाडि?ों ने रजत और कांस्य पदक प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उत्तर प्रदेश के बनारस में हाल ही में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय परिसर में खेल मैदान पर राष्ट्रिय एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिला सिरमौर के राजगढ़ क्षेत्र से संबंध रखने वाले दो खिलाड़ियों ने राजगढ़ व्यापार मंडल के पूर्व प्रधान अरविन्द राय बंटी ने भाला फेंक में चांदी का मेडल व पशु पालन विभाग में अधिकार राजपाल ठाकुर ने शार्ट वर्क में ब्रंज मेडल प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। अरविंद



राय बंटी और राजपाल ठाकुर ने बताया कि बनारस के बीएचयू मैदान पर राष्ट्रीय स्तर पर 35 साल से 45 साल तक की उम्र वर्ग के खिलाडियो के लिए एथलेटिक्स टूनार्मेंट आयोजित किया गया था। इनमें से सिरमौर जिले के केवल दो खिलाडियों ने मेडल प्राप्त किया है।

# पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने साधा कांग्रेस पर निशाना

**कुल्लू/श्याम कुल्वी**

प्रदेश में सुक्खु सरकार बनने के बाद कांग्रेस पार्टी में गुटबाजी बढ़ती हुई नजर आ रही है एन केवल गुटबाजी बढ़ती हुयी नजर आ रही है वल्कि ये बातें वास्तब में हो रही है यह बात पूर्व शिक्षा मंत्री गोविन्द सिंह ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि हाल ही में कुल्लू में दिशा की हुयी और इस बैठक की अध्यक्षता मंडी लोकसभा की सांसद प्रतिभा सिंह ने की। इस महत्वपूर्ण बैठक में कुल्लू और मनाली से कांग्रेस के विधायक नदारद रहे। पूर्व मंत्री गोविन्द सिंह ठाकुर ने कहा कि दिशा की बैठक के दौरान मंडी लोकसभा



सांसद प्रतिभा सिंह द्वारा उपायुक्त कुल्लू से विंटर कार्निवाल 2023 में निमंत्रण न करने पर भी नाराजगी जाहिर की है। सांसद प्रतिभा से ने उपायुक्त कुल्लू से विंटर कार्निवाल में न बुलाये जाने पर संतोषजनक जवाब भी मांगा है। प्रतिभा सिंह ने कहा कि अगर उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो वह इसके खिलाफ लोकसभा में विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लेकर आएंगी। वहीं गोविन्द सिंह ठाकुर ने चुटकी लेते हुये कहा कि 26 जनवरी के कार्यक्रम के लिए जब प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य केलांग गए थे और वहां से बापिस आने के बाद उन्होंने मनाली और कुल्लू में विकास कार्यों का निरिक्षण किया था उस समय भी कुल्लू और मनाली से कांग्रेस के विधायक नदारद रहे। आपको बता दें कि विक्रमादित्य ने कुल्लू में भूतनाथ पुल के कार्य का निरीक्षण किया था परन्तु कुल्लू सदर से कांग्रेस विधायक अपने कार्यक्रमों में ही व्यस्त रहे।

# एफ सीए और एफ आरए मामलों में रखी जाए विशेष प्राथमिकताः डीसी



**चंबा/हामिद**

उपायुक्त डीसी राणा ने कहा है कि जिला में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को समयबद्ध तौर पर शुरू करने के लिए एफ सीए और एफ आरए से संबंधित मामलों में सभी संबंधित विभागों द्वारा विशेष प्राथमिकता रखी जानी चाहिए। डीसी राणा वन विभाग के तत्वावधान में एफसीए और एफ आरए से संबंधित मामलों में विकासात्मक परियोजनाओं की स्वीकृति को लेकर बचत भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। एफ सीए और एफ आरए से संबंधित मामलों में विकासात्मक परियोजनाओं की शीघ्र अनुमति के लिए उपायुक्त ने विभागीय समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण की अनुमति प्राप्त होने के बाद विभाग द्वारा काटे जाने वाले पेड़-पौधों का चयन कर लिया जाना चाहिए। उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि संयुक्त निरीक्षण के दौरान परियोजना स्थल पर प्राधिकृत अधिकारी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित बनाएं। परियोजना स्थल के संयुक्त निरीक्षण के लिए विभागीय ड्राफ्ट को संबंधित विभाग द्वारा ही तैयार करने के निर्देश भी उपायुक्त ने जारी किए। बैठक में वन विभाग के अधिकारियों ने अवगत किया कि परिवेश सॉफ्टवेयर के माध्यम से मामलों की स्वीकृति में तेजी आई है। बैठक में प्रदेश सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम डे बोर्डिंग स्कूल सहित इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन से संबंधित वन स्वीकृति मामलों पर भी विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान लोक निर्माण विभाग और जल शक्ति विभाग के अधिकारियों ने एफ सीए और एफ आरए से संबंधित अपने सुझाव भी रखे। बैठक में एफ सीए और एफ आरए के तहत स्वीकृत किए जाने वाले मामलों में चरण एक और चरण द्वितीय के तहत लंबित मामलों की जानकारी का ब्यौरा भी रखा गया। बैठक में कार्यवाही का संचालन वन मंडल अधिकारी मुख्यालय रघुराम मानव ने किया।

# एनएचएआई व विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक उपायुक्त कक्ष में आयोजित

**कुल्लू /श्याम कुल्वी**

उपायुक्त कुल्लू आशुतोष गर्ग की अध्यक्षता में आज भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई व विभिन्न विभागों के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक उपायुक्त कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बताया कि एनएचएआई द्वारा कुल्लू जिला के मनाली में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की खाली पड़ी भूमि पर वे साइड़ सुविधाएं सृजित करेगा। जिसके के लिए मनाली में प्रीत होटल के समीप, टेम्पू ट्रेवल स्टैंड व टैक्सी स्टैंड के पास नाही द्वारा तीन स्थान चिह्नित किये गए हैं। इस बारे जेएलएल के परामर्शदाता द्वारा पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति के माध्यम से उन्होंने बताया



कि मनाली के साथ लगते राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर 3 वेबसाइट विकसित की जाएगी जहां पर यहां आने वाले पर्यटकों व स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि वे साईड सुविधाओं में शौचालय, बाथरूम के अलावा पार्किंग, फू डकोर्ट, एटीएम, स्थानीय उत्पादों एव अन्य रिटेल शॉप्स शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि यहां पर लगभग 150 वाहनों को खड़ा करने की सुविधा मिलेगी। उपायुक्त ने एनएचएआई व वन विभाग को फोरलेन किनारे उनकी जमीन पर किये गये अबैध कब्जो हटाने के निर्देश दिये। उपायुक्त आशुतोष गर्ग ने एनएचएआई को फोरलेन सडक पर नियमो अनुसार मीडियन ओपनिंग बनाने के निर्देश दिये ताकि स्थानीय लोगों लाभान्वित हो सके। उन्होंने मनाली तथा कुल्लू में हाईवे लाइट स्थापित करने की संभावना तलाशने के निर्देश दिये। बैठक मे मनाली में फुट ब्रिज स्थापित करने पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने एनएचएआई को मनाली शहर को जोड? दो पुलों को बंद न करने को कहा। उन्होंने एनएचएआई को वाल्वों बस स्टैंड के सामने लैंडस्लाइड प्रोटेक्शन गैलरी स्थापित करने को कहा ताकि वहां पहाड़ी से गिरने वाले पत्थरो से वाहनों को कोई नुकसान न हो। उन्होंने एनएचएआई को फोरलेन किनारे नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिये। बैठक मे उपमंडलाधिकारी कुल्लू विकास शुक्ला, उपमंडलाधिकारी मनाली डॉ सुरेंद्र ठाकुर, एनएचएआई के मंडी स्थित परियोजना निदेशक वरुण चंद, विभिन्न विभागों के अधिकारी व एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित थे।

# राजकीय शमशेर जमा दो स्कूल नाहन में पारितोषक समारोह

**नाहन/एसपी जैरथ**

राज्य के सबसे पुराने स्कूल राजकीय आदर्श शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नाहन का आज वार्षिक परितोषिक समारोह में स्थानीय विधायक अजय सोलंकी ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। महाराजा शमशेर प्रकाश द्वारा स्थापित साल 1783 में स्थापित इस स्कूल ने प्रदेश को कई नामी हस्तियां दी है। वार्षिक समारोह के दौरान यहां मुख्य अतिथि द्वारा शैक्षणिक व खेलकूद गतिविधियों में अव्वल रहे मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। स्कूल के छात्रों द्वारा कई तरह के



रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। मीडिया से बात करते हुए विधायक अजय सोलंकी ने कहा कि स्कूल में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचकर वह अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में अव्वल रहे छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि मौजूदा सरकार गुणात्मक शिक्षा को लेकर बेहद गंभीर है और आने वाले समय में स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने के प्रयास सरकार द्वारा किए जा रहे हैं।

प्रदेश के सबसे पुराने स्कूलों में शुमार इस स्कूल ने कई नामी हस्तियां दी है जिसमे हिमाचल निमार्ता डॉ वाई एस परमार, पूर्व राज्यपाल अश्वनी कुमार, स्वतंत्रता सेनानी व संसद सदस्य शिवानन्द रमौल समेत कई बड़े अधिकारीयों के नाम शामिल है।

# चंबा में राष्ट्र स्तरीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए कार्यशाला आयोजित



**चंबा/हामिद**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास एवं सहयोग कार्यालय चंबाघाट सोलन ने एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत आकांक्षी जिला चंबा में आज सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों के लिए होटल आशियाना में राष्ट्र स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं जैसे उद्यम पंजीकरण, लोक उपापण नीति, बौद्धिक संपदा अधिकार, विपणन सहायक योजना, एमएसईएफ सी सहयोग एवं अन्य योजनाओं तथा इनके लाभ बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में एनएचपीसी के कार्यकारी निदेशक अशोक कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके अतिरिक्त भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों से आए प्रतिनिधियों ने अपने विभाग से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस दौरान सूक्ष्मए लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार से जुडे प्रौद्योगिक केंद्र बद्दीएसेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी बद्दी, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन इंडिया, राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड से आए विभिन्न विभागीय अधिकारियों के द्वारा महत्वपूर्ण जानकारी के साथ विभिन्न योजनाओं के विषय में उद्यमियों को जेंम, नवीन तकनीक, पैकिंग, विपणन आदि विषयों पर जानकारी दी साथ ही उक्त विषयों से संबंधित समस्याओं का समाधान भी किया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम विकास एवं सहयोग कार्यालय चंबाघाट सोलन के सहायक निदेशक शैलेष सिंह ने बताया कि उद्यमियों के लिए आकांक्षी जिला चंबा में इस तरह की राष्ट्र स्तरीय कार्यशाला पहली बार आयोजित की गई। इस निःशुल्क कार्यशाला में जिला के विभिन्न उद्यमियों ने भाग लिया।

# आम बजट में हिमाचल को मिले 8478 करोड़ की सौगातः सुरेश कश्यप

**शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि जिस प्रकार से सरकार ने पूरे प्रदेश भर में सरकारी कार्यालयो को बंद किए और उसके बाद जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है इसकी भाजपा घोर निन्दा करती है। हिमाचल प्रदेश में जो कार्यालय खुले हैं वह 1 साल के अंदर नहीं खोले जाते हैं, उसकी पूरी प्रक्रिया होती है उसके लिए बजट अलॉट होता है और सरकार की कैबिनेट और सरकार के विभागों के अप्रूवल के बाद ही इन संस्थाओं को खोले जाते हैं।



जिस प्रकार से कांग्रेस अपनी गलती को छुपाने के लिए बयानबाजी कर रही है पूर्ण रूप से जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास हैं। कांग्रेस सरकार द्वारा दो साइबर थाने और एक एम्स थाना है जिनको इन्होंने डी नोटिफाईदिया कर दिया था उनको फिर खोल दिया गया है। अब लगता है कांग्रेस को धीरे-धीरे समझ आ रहा है कि इन सरकारी दफ्तरों का क्या महत्व है। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा हिमाचल प्रदेश को बड़ी सौगाते मिल रही है पर उस सौगात में 90 प्रतिशत शेयर केंद्र वाहन कर रहा है और 10 प्रतिशत शेयर प्रदेश वाहन कर रहा है जब तक 10 प्रतिशत शेयर हिमाचल प्रदेश की सरकार नहीं डालेगी तब तक उन बड़ी स्कीमों का लाभ हिमाचल प्रदेश को नहीं हो पाएगा। सरकार को जल्द से जल्द अपना शेयर डिपोजिट करना चाहिए और जनता को जो सौगात केंद्र दे रहा है उससे लाभवानवित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में शिमला स्मार्ट सिटी के रूप में अच्छा कार्य कर रही है और अब तो शिमला शहर की नगर निगम कचरे से बिजली उत्पाद करने के लिए एक नए प्रकार की टेक्नोलॉजी लेकर आई है और इसका टेस्ट भी जल्दी होने वाला है, अगर यह सफल हो जाता है तो उसके बाद इसका प्रचार पूरे देश में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बार का केंद्रीय बजट ऐतिहासिक है और इसमें हिमाचल प्रदेश को 8478 करोड रुपए की अनेकों सौगते मिली हैंए इसमें प्रमुखता से तीन बड़ी रेल परियोजनाएं शामिल है और कालका शिमला रेल पर चलने वाली परियोजनाएं भी है। नर्सिंग कॉलेज समेत अनेकों प्रोजेक्ट हिमाचल प्रदेश को मिली है।

# मार्च माह में 8 परिवार नियोजन शिविर सिरमौर में लगेंगेः सीएमओ

**नाहन/एसपी जैरथ**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डा. अजय पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिरमौर जिला में माह मार्च 2023 में 8 परिवार नियोजन शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 7 मार्च को सिविल अस्पताल ददाहू, 11 मार्च सिविल अस्पताल राजगढ़, 14 मार्च को सिविल अस्पताल शिलाई, 18 मार्च को सिविल अस्पताल सरांहा, 2 मार्च, 9 मार्च, 16 मार्च और 23 मार्च को सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में परिवार नियोजन शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

# अंतर्राष्ट्रीय मंडी शिवरात्रि महोत्सव संपन्न

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
मंडी में चल रहा 7 दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव शनिवार को सम्पन्न हो गया। समापन समारोह की अध्यक्षता राजस्वए बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। उन्होंने देव माधोराय मन्दिर में पूजा अर्चना कर, पड्डल मैदान तक निकाली गई देव माधो राय की भव्य शोभा यात्रा में भी भाग लिया। उन्होंने इससे पहले बाबा भूतनाथ मंदिर में भी पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पड्डल मैदान में जनसमूह को संबोधित करते हुए राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश सरकार घोषणाा पत्र में जारी की गई गारंटियों को पूरा कर रही है । उन्होंने कहा कि आने वाले समय में महिलाओं को 1500 रुपये, 300 यूनिट बिजली फ्र ी, रोजगार सहित किसानों से दूध खरीदने जैसी सभी गारंटियों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा लगभग 75000 करोड़ रुपये का कर्ज राज्य पर छोड़ा है, जिससे राज्य की वित्तिय स्थिति प्रभावित हुई है ।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खु के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार आर्थिक संसाधन जुटा रही है ताकि राज्य की वितीय स्थिति को सुधार कर विकास की गति तेज किया जा सके। उन्होंने कहा कि दूरदराज के क्षेत्रों का भी प्रदेश के अन्य भागों की तरह एक बराबर विकास किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश को फल राज्य बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है । एचपी शिवा परियोजना के माध्यम से प्रदेश के निचले क्षेत्रों को बागवानी से जोड़ा जा रहा है ताकि प्रदेश को फल राज्य बनाया जा सके और लोगों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया जा सके। राजस्व मंत्री ने कहा कि मंडी शिवरात्रि ने

**8 शैव, वैष्णव व लोक आस्था के साथ लोक संस्कृति का यह अनूठा समागम सभी के लिए एक बेजोड़ अनुभव है।**

पूरे विश्व में अध्यात्मिक प्रेरणा पुंज के रूप में अलग पहचान कायम की है। उच्च परंपराओं को संजोये शिवरात्रि महोत्सव समृद्वि, भाईचारा एवं प्रेमभाव को भी दशार्ता है। शैव, वैष्णव व लोक आस्था के साथ लोक संस्कृति का यह अनूठा समागम सभी के लिए एक बेजोड़ अनुभव है। मंडी शहर हिमाचल प्रदेश के प्राचीनतम शहरों में से एक है जो विशेष तौर पर ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से अपनी अलग पहचान रखता है। यहां स्थित प्राचीन एवं वैभवशाली मंदिर मंडी शहर को विशेष आकर्षण प्रदान करते हैं और इनके कारण ही मंडी को छोटी काशी के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि मंडी शिवरात्रि महोत्सव देव समाज का उत्सव है तथा इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि सरकार की ओर से पहली मंडी शिवरात्रि महोत्सव में देव समाज पर एक करोड़ से ज्यादा की राशि दी गई है । हम सबका यह दायित्व है कि हम अपनी संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति सजग रहें और इन्हें संरक्षण प्रदान करें ताकि आने वाली पीढि?ां भी अपने समृद्व अतीत पर गौरव अनुभव कर सकें। उन्होंने कहा कि मेले और त्योहार लोगों को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं और हमें इनमें सक्रियता से भाग लेना चाहिए और निस्वार्थ भाव से पीड़ित मानवता की मदद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज से बुराइयों का उन्मूलन प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेवारी है। उन्होंने युवाओं से समृद्ध संस्कृति का सम्मान करने तथा इसे आगे बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल करने वालों को भी पुरस्कार प्रदान किए। उपायुक्त एवं मेला समिति के अध्यक्ष अरिंदम चैधरी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर, अनिल शर्मा, जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर, सहित आदि उपस्थित रहे।

# सोलन में आयुर्वेद की प्राचीन पद्धति को दिया जा रहा बढ़ावा

**सोलन/मनीष**
जिला आयुर्वेदिक अस्पताल सोलन द्वारा सोलन जिला में प्राचीन आयुवेर्दा चिकित्सा पद्धति को विशेष बढ़ावा दिया जा रहा है। विभिन्न प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियों के जरिए जिला आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा लोगों के उपचार किए जा रहे है। जीवनशैली के विकार के कारण उत्पन्न बीमारियों का उपचार प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति जैसे पंचकर्मा तथा क्षार सूत्र चिकित्सा पद्धति के माध्यम जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में किए जा रहे है।

जिला आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा पंचकर्मा की प्राचीन आयुर्वेदिक पद्धति को अपनाते हुए वात रक्त, गठिया, कम्पवाद, लकवा, हैमिप्लेजिया, स्वाईकल स्पोडिलासिज, लम्बर स्पोडिलोसिज, बाबासीर, वात रोग और अन्य प्रकार के रोगों का उपचार किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त पंचकर्मा एवं आयुर्वेदिक औषधियों के माध्यम से शूगर, बीपी, फैटी लीवर, लीवर, नलार्जमेंट, चर्म रोग आदि का उपचार किया जाता है। पंचकर्मा का उपचार 07 से 21 दिन के भीतर किया जाता है।

वर्ष 2022-23 में जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में पंचकर्मा पद्धति से 2316 रोगियों का उपचार किया गया,जिसमें 1063 पुरूष और 1253 महिलाएं शामिल है, इसके अतिरिक्त, पैरासर्जिकल आयुर्वेदिक पद्धति जैसे क्षार सूत्र चिकित्सा भी जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में करवाई जाती है। क्षार सूत्र सबसे प्राचीन, प्राकृतिक और सुरक्षित पैरासर्जिकल चिकित्सा पद्धति है। क्षार सूत्र मुख्य रूप से गुदा नली से जुड़ी समस्याएं जैसे पाइल्स, फिस्टुला, फिशर आदि के उपचार के लिए किया जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### परवाणू की सड़कों की हालत पर नाराज उद्योगपति

**परवाणू/विमल ग्रोवर**
परवाणू में सडको की खस्ता हाल से पहले से परेशान चल रहे उद्योगपतियों के लिए नई डीपीआर और भी निराशा लेकर आई है। परवाणू की सडको के लिए जिस डीपीआर के आधार पर केंद्र सरकार ने 12.14 करोड़ रूपए सेंक्शन किए है। उस डीपीआर में परवाणू की ख?ाब पड़ी सडको का जिक्र ही नहीं है। डीपीआर में बहुत बड़ा भाग उन सडको का है जिनमे पहले से ही टाइलिंग की जा चुकी है। इस से परवाणू के उद्योगपति बिफर पड़े है। उद्योगपतियों का कहना है की यदि स्थानीय प्रशासन उद्योगों को सडक जैसी मूलभूत सुविधा भी नहीं दे पा रहा है तो उद्योगपति भी टैक्स क्यों दे। उनका कहना है की ऐसा चलता रहा तो इस बारे बड़ी मुहिम शुरू की जाएगी व औद्योगिक इकाईया सरकार को टैक्स देना बंद कर देगी। गौरतलब है की परवाणू के इंडस्ट्रियल रोड से सम्बंधित एक डीपीआर वर्ष 2017 में केंद्र सरकार को भेजी गयी थी। इसमें परवाणू के इंडस्ट्रियल रोड को सुधारने के लिए 12.14 करोड़ का एस्टीमेट बनाकर भेजा गया था। इस डीपीआर को पिछले वर्ष मंजूरी मिल गयी थी। हिमुडा के पास अक्टूबर 2022 में हिमाचल सरकार की ओर से 1.14 करोड़ जबकि केंद्र सरकार की ओर से 1.80 करोड़ की पहली किश्त भी आ चुकी है।इस डीपीआर मे एचपीएमसी रोड के अलावा सिरमौर चौंक से बिजली बोर्ड होते हुए हिमफेड बॉटलिंग प्लांट तक की सडक व आयशर गेट से लेकर सेक्टर दो की ओर जाती सडक शामिल है, लेकिन शेष ख?ाब पड़ी सडको का डीपीआर में जिक्र तक नहीं है। डीपीआर में शामिल सिरमौर चौंक से बिजली बोर्ड होते हुए हिमफेड बॉटलिंग प्लांट तक की सडक पर पहले से टाइलिंग हुई पड़ी है, ऐसे मे इस सडक को दोबारा बनाने का क्या औचित्य है। इसे लेकर परवाणू के उद्योगपति सवाल उठा रहे है।

क्या कहना है पीआईए के फाउंडर मेंबर व पूर्व अध्यक्ष का

फाउंडर मेंबर व परवाणू औद्योगिक संघ पीआईए के पूर्व अध्यक्ष कैप्टन अलोक शर्मा ने कहा की पिछले लगभग चार वर्षों से परवाणू की सडके नहीं बनी है। अब जब सरकार से फंड आ रहा है तो तीन सडकों को चुना गया है जिन में से दो सडकों पर कुछ जगह पहले से ही टाइलिंग हो रखी है। अलोक शर्मा ने कहा की औद्योगिक शहर होने के नाते परवाणू नगर परिषद में उद्योग संघ की और से एक सदस्य मनोनीत पार्षद होना चाहिए जो उद्योगों की हालात बारे अपना पक्ष रख सके, परन्तु इस बार यह नहीं हुआ जो की दुर्भाग्यपूर्ण है। अलोक शर्मा ने कहा की अगर सडके नहीं बनी तो पीआईए के अधीन सभी औद्योगिक इकाइयां सरकार को टेक्स देना बंद कर देगी और एक बड़ा आंदोलन भी जल्द शुरू करेगी।

उधर, सेक्टर पांच के उद्योगपति सुनील तनेजा ने बताया की सेक्टर 5 स्थित रोटरी क्लब व कई उद्योगों को जोडने वाले रोड की दुर्दशा किसी से नहीं छुपी है। यह ऐसा एरिया है जहां ट्रैफिक मूवमेंट बहुत अधिक होती है फिर भी रोड के हालात खराब है। उद्योगो के अलावा दशहरा ग्राउंड व रामबाग को भी यही से रास्ता जाता है। उन्होंने कहा की सेक्टर पांच की रोड के कारण हमारे क्लाइंट हमसे बिज?स करने से मना करते है। इस बारे परवाणू औद्योगिक संघ पीआईए के महासचिव सार्थक तनेजा का कहना है यदि डीपीआर के अनुसार पहले बनी सडको का निर्माण किया जाता है तो यह पब्लिक के पैसे का सरासर दुरूपयोग है। पहले से टाइलिंग की गयी सडको को उखाडकर फिर से बनाना सरकारी पैसे का दुरूपयोग है। पीआईए इसका विरोध करेगा। जरुरी हुआ तो पीआईए से संबंधित उद्योग सरकार को टैक्स देना बंद करेंगे फिर चाहे वो प्रॉपर्टी टैक्स हो या फिर पानी का टैक्स। यदि जल्द ही परवाणू की खराब पड़ी सडको की हालत नहीं सुधारी जाती तो परवाणू औद्योगिक संघ परवाणू के लोगो को साथ लेकर आंदोलन करने पर मजबूर हो जाएगी। इस बारे हिमूड़ा के एक्सईएन गिरीश शर्मा से बात की गयी तो उन्होंने बताया की प्रपोजल मे जो डीपीआर भेजी गयी है उसके आधार पर ही फण्ड मंजूर हुआ है। डीपीआर मे जिन सडको का जिक्र है, उन्ही सडको पर काम होगा। इसके अलावा एक इंच का निर्माण भी नहीं किया जा सकता है। केंद्र से जो गाइडलाइन्स अभी तक आई है, या आगे आएगी, उसी आधार पर कार्य किया जाएगा।

### पालमपुर के मैकेनिक विवेक भारद्धाज ने की बॉलीवुड बादशाह शाहरुख खान से मुलाकात कहा शैल ने किया सपना पूरा

**पालमपुर:** शैल लुब्रिकेंट्स ने आज मैकेनिक समुदाय के प्रति अनूठे अंदाज में आभार व्यक्त करते हुए उनके योगदान का जश्न मनाया। इस सिलसिले में शैल ने हाल में प्रदर्शित ब्लॉकबस्टर मूवी पठान के साथ एक आउट.फिल्म साझेदारी की और इसके नायक तथा बॉलीवुड बादशाह शाहरुख खान की मुलाकात कुछ चुनींदा मैकेनिक्स से करायी। ऐसे ही एक भाग्यशाली मैकेनिक हैं पालमपुर, हिमाचल प्रदेश के विवेक भारद्धाज जिन्हें बॉलीवुड मैगास्टार से रूबरू होने का मौका मिला। विवेक भारद्धाज ने कहा, मै पिछले दस वर्षों से भी अधिक समय से शैल से जुड़ा हूं। मेरी वर्कशॉप में हमें कभी भी अपने ग्राहकों को शैल प्रोडक्ट्स के बारे में विश्वास दिलाने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ती ब्रैंड का नाम ही काफी होता है।आज शैल की बदौलत मुझे बॉलीवुड के बादशाह से मिलने का मौका भी मिला। मैं पूरी शैल टीम का आभारी हूं जिन्होंने मुझे यह शानदार अवसर दिलाया है।मेरे यार.दोस्त और परिवार वाले भी शाहरुख खान के साथ मेरी फोटो देखकर बेहद खुश हुए हैं। इस अवसर ने मुझे एक बार फिर यह भरोसा दिलाया है कि शैल अपने पार्टनर्स का भरपूर ख्याल रखने वाला ब्रैंड है और यह हमारी उन्निति चाहने के साथ.साथ हमारे सपनों को साकार करने में भी साथ निभाता है। अमित गुघरे,ऑटोमोटिव सेल्स एवं मार्किटिंग मैनेजर,शैल लुब्रिकेंट्स ने कहा, पठान के आधिकारिक इंजन ऑयल पार्टनर होने के नाते हमें अपने मूल्यंवान ट्रेड पार्टनर्स को बेहद अनूठे अंदाज में आभार व्याक्त करने का अवसर मिला है। हमारे निष्ठावान मैकेनिक्स का जज़्बा देखते ही बनता है और हमें खुशी है कि हम उनके सपनों को पूरा कर पा रहे हैं।



# नेहरू युवा केंद्र ने करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का किया आयोजन

**किन्नौर/अनिल**
नेहरू युवा केंद्र किन्नौर के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से शनिवार को राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ में करियर मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें 04 अलग-अलग सत्रों में लगभग 200 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

इन युवाओं में महाविद्यालय, विद्यालयों और युवा मण्डलों के सदस्य शामिल रहे। कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसडीएम कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता ने पहला सत्र लिया और युवाओं को मेडिकल, सेना और प्रशासनिक सेवाओं में करियर बनाने के रास्ते बताये। उन्होंने कहा कि इससे सम्बन्धित मार्गदर्शन की आवश्यकता होने पर युवा उनसे कभी भी संपर्क कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय रिकांगपिओ विद्याबन्धु नेगी ने दूसरे सत्र में युवाओं को विभिन्न कैरियर विकल्पों के बारे में बताया। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वह सभी वक्ताओं से जीवन में आगे बढ? की प्रेरणा लें। इसी प्रकार, तीसरा सत्र बैंकिंग और उद्योग उपक्रम पर पीएनबी के प्रबन्धक मदन लाल और अंतिम सत्र प्राध्यापक सम्बन्धित कैरियर पर प्रो. शांता कुमार नेगी द्वारा लिया गया।

# इंद्र दत्त लखनपाल ने किया नए पार्किंग स्थल का उद्घाटन

## वासु पार्किंग स्थल के रूप में की गई विशेष पहल के लिए दी बधाई

**हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**
मैहरे में विधायक इंद्र दत्त लखनपाल ने शनिवार को मैहरे में वासु पार्किंग का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विकास के साथ-साथ हमारे समक्ष कई नई समस्याएं या नई जरुरतें भी पैदा हो रही हैं। वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्पेस की समस्या इनमें से प्रमुख है। इंद्र दत्त लखनपाल ने कहा कि आजकल वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन पार्किंग स्थल सीमित होते जा रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए सरकार एवं प्रशासन के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक को भी



आगे आना होगा तथा किसी भी तरह के भवन के निर्माण के समय पार्किंग के लिए जगह अवश्य रखनी होगी। उन्होंने कहा कि मैहरे में वासु पार्किंग के रूप में एक बहुत ही अच्छी पहल की गई है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि इससे कस्बे में पार्किंग की समस्या से काफी राहत मिलेगी तथा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। विधायक ने कहा कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भीड़भाड़ वाले बाजारों और अति व्यस्त सडकों पर यातायात को सुचारू बनाए रखने तथा वाहनों के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल विकसित करने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाएंगे। इसमें स्थानीय लोगों का सहयोग भी लिया जाएगा।

इस अवसर पर एसडीएम शशिपाल शर्मा, पूर्व विधायक मनजीत डोगरा, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कांग्रेस के पदाधिकारी तथा क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# ग्रामीण दस्तकारों व स्वयं सहायता समूहों की उत्पादों की शिवरात्रि मेला में 14 लाख की बिक्री

**मंडी/खेमचंद शास्त्री**
राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक यानि नाबार्ड ने अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि मेले में मंडी साक्षरता एवं जनविकास समिति के सहयोग से देश भर से आए ग्रामीण दस्तकारों व स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री हेतु स्टाल लगाए जिसमें इन उत्पादों को लोगों ने खूब पसंद किया व खरीदा । यह जानकारी देते हुए नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक के के मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण दस्तकारों व महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की अच्छी बिक्री शिवरात्रि



महोत्सव के दौरान हुई है जिससे इन दस्तकारों को आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ है व इनका हौंसला बढ़ा है। नाबार्ड के जिला प्रबंधक अधिकारी राकेश वर्मा ने बताया कि मंडी में साक्षरता एवं जनविकास समिति ने नाबार्ड के सौजन्य से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण करवाए हैं एवं किसान उत्पादक संगठन व रूरल मार्ट बनाए गए हैं। बुनकरों के लिए जिला के सरोआ में हैंडलूम परियोजना स्वीकृत हुए हैं जिसके माध्यम से 500 बुनकरों को उत्पाद गुणवता बढ़ाने हेतु प्रशिक्षण दिए जाएंगे व इनके उत्पादों की मार्केटिंग के लिए भी प्रबंध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि महोत्सव 2023 में मेला स्थल पड्डल में 30 स्टाल लगाए गए थे जिनके माध्यम से लगभग 14 लाख की बिक्री समूहों ने की है जो एक उत्साहवर्धक परिणाम है।

# एसआईयू टीम ने मंडी के रहने वाले व्यक्ति से 3.98 ग्राम चिट्टा किया बरामद

**सोलन/मनीष**
एएसपी सोलन अजय कुमार राणा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सोलन पुलिस की एसआईयू टीम गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतू राजड़ी रेन शेल्टर जाबली के पास मौजूद थी तो किशोरी लाल निवासी बिहनी तह. थूनाग जिला मण्डी के कब्जा से 3.98 ग्राम चिट्टा/हैरोईन बरामद की गई। इस संदर्भ में पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग अधीन धारा 21 एनडीपीएस एक्ट में पजींकृत कर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर जनजातीय भवन बालू में आयोजित होगा कार्यक्रम: डीसी राणा



**चंबा/हामिद**
अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर 7 मार्च को जनजातीय भवन बालू में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा के क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त डीसी राणा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को होली उत्सव होने के कारण 7 मार्च को कार्यक्रम आयोजित किया जाए। समारोह के सफल आयोजन के संदर्भ में कार्यक्रम की रूपरेखा पर समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने थीम विषय डिजिटल इन्नोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फ ॉर जेंडर एक्वालिटीसहित विभिन्न गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिला में उत्कृष्ट कार्य और विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में बेहतर कार्य करने वाले पुरुषों को भी सम्मानित किया जाए। बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि आर्थिक तौर पर पिछड़ी बच्चियों की शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित बनाने को लेकर शिक्षा विभाग द्वारा चयनित की गई 103 लड़कियों को जिला अधिकारी गोद लेंगे। इनमें 53 लड़कियों को शिक्षा विभाग जबकि 50 लड़कियों को विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी पांच-पांच हजार रुपयों की राशि उनके खातों में जमा करवाएंगे। उपायुक्त ने जिला में बेहतर लिंगानुपात वाली पहली 7 ग्राम पंचायतों को सम्मानित करने का निर्देश भी दिए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा पर समीक्षा के दौरान डीसी राणा ने महिलाओं और लड़कियों की मैराथन रेस आयोजित करने को कहा।

# नाहन में खुलेगा एचआईवी रोगियों की सुविधा के लिए एआरटी सेंटर

**नाहन/एसपी जैरथ**
उपायुक्त सिरमौर आरके गौतम ने कहा कि एचआईवी से संक्रमित सभी रोगियों को समाज से सहानुभूति और सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग विभाग इन रोगियों के उपचार और उनकी सही प्रकार से देखभाल कर रहा किन्तु आवश्यकता इस बात की भी है कि समाज भी इन लोगों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाए और इन्हें अनुकूल वातावरण प्रदान करे। उपायुक्त आज नाहन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित एचआईवी एडस संक्रमण की रोकथाम



सम्बन्धी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में शीघ्र ही एचआईवी संक्रमित रोगियों की सुविधा के लिए एआरटी सेंटर एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी की सहुलियत उपलब्ध होगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को शीघ्र नाहन मैडिकल कॉलेज में एआरटी सेंटर शुरू करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि एचआईवी की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है और इस दिशा में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ कुछ गैर सरकारी संस्थान एनजीओ भी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि एचआईवी संक्रमण से बचने के लिए जिला के सभी उद्योगों में श्रम विभाग और उद्योग विभाग के तालमेल से कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा ताकि श्रमिकों को इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूक किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी उद्योग अपने-अपने संस्थानों में एचआईवी विषय पर एक-एक नोडल अधिकारी को भी नियुक्त करें।

# एसजेवीएन को हाइड्रो पावर सेक्टर में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाली यूटिलिटी घोषित किया गया

**शिमला/चमन शर्मा**
नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एसजेवीएन ने अवगत कराया कि एसजेवीएन ने जलविद्युत क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ निष्पादन करने वाली यूटिलिटी के लिए केंद्रीय सिंचाई और विद्युत बोर्ड से सीबीआईपी अवार्ड प्राप्त किया है। यह पुरस्कार 3 मार्च 2023 को नई दिल्ली में सीबीआईपी दिवस के अवसर पर माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय मंत्री, आरके सिंह द्वारा प्रदान किया जाएगा। नन्द लाल शर्मा ने अवगत कराया कि यह अवार्ड हिमाचल प्रदेश में 1500 मेगावाट नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन और 412 मेगावाट रामपुर जलविद्युत स्टेशन जैसे मेगा हाइड्रो पावर स्टेशनों का सफलतापूर्वक निष्पादन और प्रचालन कर राष्ट्र निर्माण में एसजेवीएन के सर्वोत्कृष्ट योगदान के

**8 यह पुरस्कार सीबीआईपी दिवस के अवसर पर माननीय केंद्रीय विद्युत व नवीन व नवीकरणीय मंत्री, आरके सिंह द्वारा प्रदान किया जाएगा**

सम्मान में दिया जा रहा है। रामपुर जलविद्युत स्टेशन को भारत के सबसे बड़े जलविद्युत स्टेशन नाथपा झाकड़ी जलविद्युत स्टेशन के टेंडम में सफलतापूर्वक प्रचालित किया जा रहा है। नन्द लाल शर्मा ने कहा कि नवीनतम तकनीकों का उपयोग करते हुए वार्षिक संयंत्र रखरखाव शेड्यूल का सावधानीपूर्वक अनुपालन करने के परिणामस्वरूप, दोनों विद्युत स्टेशनों ने गत तीन वर्षों के दौरान 8490 मिलियन यूनिट की संयुक्त डिजाइन विद्युत की तुलना में 9000 मिलियन यूनिट से



अधिक का विद्युत उत्पादन किया है। जबकि संयंत्र उपलब्धता फैक्टर भी इस दौरान 105 प्रतिशतत से अधिक रहा। एसजेवीएन एनजेएचपीएस में स्थापित स्टेट-ऑफ.आर्ट इन सीटू हार्ड कोटिंग सुविधा में विभिन्न जलमग्न परियोजना घटकों की हाई वेलोसिटी ऑक्सी फ्यूल एचवीओएफ हार्ड कोटिंग भी कर रहा है। यह एक अनूठी पहल है जिसे एसजेवीएन द्वारा भारत में पहली बार स्थापित किया है ।

नन्द लाल शर्मा ने आगे बताया कि यह अवार्ड परियोजना क्षेत्र और हिमाचल प्रदेश राज्य में इन विद्युत स्टेशनों द्वारा किए गए पर्यावरणीय और सामाजिक-आर्थिक योगदान को भी मान्यता देता है।

रामपुर एचपीएस भारत में किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के संगठन द्वारा स्वच्छ विकास तंत्र के रूप में जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन के साथ पंजीकृत सबसे बड़ा जलविद्युत स्टेशन है।

नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के गतिशील और दूरदर्शी नेतृत्व में विद्युत स्टेशनों ने कुशल सिल्ट प्रबंधन, मशीन की रखरखाव अवधि का अनुकूलन, व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा प्रबंधन, अग्रिम चेतावनी प्रणाली की स्थापना आदि में उच्चतम मानक बनाए रखा है।

इससे विद्युत गृह वर्ष दर वर्ष विद्युत उत्पादन में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

एसजेवीएन ने हाइड्रो, थर्मल, सौर और पवन ऊर्जा क्षेत्रों, पावर ट्रांसमिशन और पावर ट्रेडिंग में विस्तार और विविधीकरण किया है। कंपनी भारतीय विद्युत परिदृश्य में एक प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की विद्युत इकाई के रूप में उभरी है। वर्तमान में, एसजेवीएन का परियोजना पोर्टफोलियो लगभग 46,879 मेगावाट है और वर्ष 2040 तक 50,000 मेगावाट विद्युत उत्पादन करने के साझा विजन को प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ ऊना ▸ 26 फरवरी 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# यूपी: युवाओं को रोजगार देने की तैयारी

**बुद्ध सर्किट समेत सभी प्रमुख पर्यटन केंद्र पर लोकल लेवल गाइड सुविधा देने की तैयारी, युवाओं को गाइड बनाने के लिए छह सप्ताह का प्रशिक्षण देगा पर्यटन प्रबंध संस्थान**

### रैलियां होंगी जोरदार

**पर्यटकों को अधिकाधिक सहूलियत और स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं एक साथ आगे बढ़े**





**गोरखपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**पर्यटन** विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों में योगी सरकार का ध्यान इस बात पर है कि पर्यटकों को अधिकाधिक सहूलियत और स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाएं एक साथ आगे बढ़ें। बुद्ध सर्किट समेत प्रदेश के सभी प्रमुख पर्यटन केंद्रों पर स्थानीय युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में जोड़ने के लिए प्रशिक्षण देने की तैयारी है। प्रशिक्षण के लिए आवेदन मांगे गए हैं और एक निर्धारित प्रवेश प्रकिया के बाद चयनितों को पर्यटन प्रबंध संस्थान से छह सप्ताह का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। पर्यटन विभाग ने प्रदेश के टूरिस्ट सर्किटों में लोकल लेवल गाइड की सुविधा देने के लिए प्रशिक्षण दिलाने का निर्णय लिया है। विभाग ने आवेदन भी आमंत्रित कर दिये हैं। 18 वर्ष से अधिक उम्र के इंटर पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। अधिकतम आयु की बाध्यता नहीं है। मान्यवर कांशीराम पर्यटन प्रबंध संस्थान की वेबसाइट [illegible] पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन पत्र को भरने के बाद 28 फरवरी तक इसी वेबसाइट पर अपलोड भी करना है। प्रिंटेड कॉपी को संस्थान के लखनऊ कार्यालय में स्वयं या पंजीकृत डाक से जमा भी करना होगा। विंध्याचल सर्किट-वाराणसी, प्रयागराज बुद्धिस्ट सर्किट-कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, गोरखपुर, कौशाम्बी, श्रावस्ती, संकिसा या बुंदेलखंड सर्किट-महोबा, चित्रकूट, कालिंजर, झांसी, देवगढ़, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, जालौन या बृज सर्किट-वृंदावन, आगरा, अलीगढ़, बरसाना, नंदगांव या महाभारत सर्किट- मेरठ, बागपत, मथुरा, बरेली, सहारनपुर, मुरादाबाद या अवध सर्किट-लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या।

**स्थानीय स्तर पर रोजगार का विकल्प:** वन्यजीव एवं पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत संस्था हेरिटेज फाउंडेशन की ट्रस्टी रंजीता पाण्डेय कहती हैं कि टूरिस्ट गाइड के प्रशिक्षण से युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार का विकल्प भी मिलेगा। वह अपने टूरिस्ट सर्किट में पर्यटकों की मदद करते हुए आमदनी भी करेंगे। पर्यटकों को

## प्राकृतिक खेती के लिए किसानों को जागरूक कर रही सरकार

**लखनऊ/टीम एक्शन इंडिया**
**इस** समय उत्तर प्रदेश सरकार का प्राकृतिक खेती पर बहुत जोर है। राज्य सरकार प्रदेश के 56 जिलों में इसे अभियान के रूप में प्रचारित कर रही है।

वर्तमान में 1970 क्लस्टर बनाए गए हैं। इसके माध्यम से 11,381 ग्रामों में 86,448 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती की तैयारी चल रही है। प्रदेश में सिर्फ सब्जियां ही नहीं, धान, मक्का, बाजरा, उर्द और तिल के साथ ही गेहूं, राई, चना मटर व मसूर की खेती भी प्राकृतिक ढंग से हो रही है।

कृषि वैज्ञानिक डॉ. एबी सिंह का कहना है कि इसी तरह से जागरूक करने की प्रक्रिया जारी रही तो आने वाले दिनों में मिट्टी में पौष्टिकता आ जाएगी। इससे उत्पादन में अच्छी वृद्धि के साथ ही लोगों को बीमारियों से भी बहुत हद तक निजात मिलेगी। इस समय प्रदेश में 1,04,972 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित है। इन किसानों को सरकार प्रशिक्षण भी दे रही है। इसके साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को खेतों का सरकार भ्रमण कराती है, जिससे किसान उस तरफ जागरूक हो सकें। इसके लिए सरकार ने फील्ड स्कूल भी खोले हैं, जो गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करते हैं।

## अपराध के मामले में राजस्थान देश में नंबर वन पर- रामलाल शर्मा

**बांसवाड़ा/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता और चौमूं विधायक रामलाल शर्मा शनिवार को अपने एकदिवसीय दौरे पर बांसवाड़ा पहुंचे। भाजपा कार्यालय पहुंचने पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह राव और अन्य पदाधिकारियों सहित कार्यकर्ताओं ने रामलाल शर्मा का स्वागत किया।
प्रदेश प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। रामलाल शर्मा ने कहा कि गहलोत सरकार अपनी 90 प्रतिशत बजट घोषणाएं पूरी करने का दावा कर रही है, लेकिन धरातल पर हकीकत कुछ और ही है। लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।
वहीं अपराध के मामले में राजस्थान राज्य देश में नंबर वन पर आ गया है। रामलाल शर्मा ने आरोप लगाया कि ज्यादातर योजनाओं का पैसा भारत सरकार दे रही है। राज्य सरकार झूठी वाहवाही लूट रही है।

## 'राष्ट्र और समाज के विकास में योगदान छात्र'



**बीकानेर/टीम एक्शन इंडिया**
राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि दीक्षांत समारोह, विद्यार्थियों के लिए नए जीवन की शुरूआत है। जीवन में सदैव सीखने के लिए तत्पर रहते हुए विद्यार्थी, अपने ज्ञान से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान दें। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के शनिवार को आयोजित हुए 19वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने यह उद्गार व्यक्त किए। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि भारत को खाद्यान्न आपूर्ति में अग्रणी राष्ट्र बनाने में कृषि अनुसंधानों की महत्ती भूमिका रही है। जलवायु परिवर्तन और खाद्यान्न आवश्यकता के अनुरुप कृषि विश्वविद्यालयों में निरंतर अनुसंधान किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि किसानों तक नवीनतम कृषि अनुसंधानों और कृषि प्रौद्योगिकी का लाभ पहुंचे, इसके लिए विश्वविद्यालयों को और प्रयास करने होंगे।

पोषण सुरक्षा से जूझ रहे देशों की मदद के लिए तकनीक

### आह्वान

**भारत को खाद्यान्न आपूर्ति में अग्रणी राष्ट्र बनाने में कृषि अनुसंधानों की महत्ती भूमिका रही है: राज्यपाल मिश्र**

हस्तांतरण में भी कृषि विश्वविद्यालयों को अहम भूमिका निभानी होगी।
शिक्षकों से अध्ययनशील रहने की अपील करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों को व्यावहारिक रूप से किसानों के निकट ले जाएं तथा पारंपरिक खेती, जलवायु संरक्षण के ज्ञान से विद्यार्थियों को जोड़ें। उन्होंने कहा कि किसान देश के विकास की धुरी हैं, सशक्त किसान से ही राष्ट्र सशक्त बन सकता है।
विश्वविद्यालय के एकेडमी इंडस्ट्री इंटरफेस, कृषि हाट, किसान सम्मान, किसान चौपाल जैसे नवाचारों की सराहना करते हुए राज्यपाल मिश्र ने कहा कि केशवानंद विश्वविद्यालय द्वारा किए गए सराहनीय हैं।

## 'उत्तराखंड सरकार नेक नीयत से आगे बढ़ रही'

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय** जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री और उत्तराखंड प्रभारी का कहना है कि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह सपना है कि हमें सत्ता के साथ-साथ सबका दिल जीतना है।
उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास केवल स्लोगन नहीं है वरन महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उत्तराखंड सरकार अच्छा कार्य कर रही है।
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम ने शनिवार को मीडिया से कहा कि नकल विरोधी कानून के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि सरकार चलाते समय



कई चुनौतियां आएंगी, हम उनका समाधान करने में सक्षम होंगे। ऐसे ही कानूनों में नकल विरोधी कानून के साथ-साथ नकल घोटाला शामिल है, जिसके लिए सरकार ने ऐसा कड़ा कानून बनाया है जो अब तक नहीं था। यही नहीं पूरे

### पीठ थपथपाई

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह सपना है कि हमें सत्ता के साथ-साथ सबका दिल जीतना है**

प्रदेश में सभी लोगों को आयुष्मान से आच्छादित किया गया है जबकि अन्य प्रदेशों में केवल गरीबी रेखा से नीचे वालों को भी इसका लाभ मिला है। इतना ही नहीं धर्मान्तरण पर कठोर नियम बनाना समान नागरिक संहिता के लिए प्रभावकारी प्रयास इस बात के संकेत हैं कि हमारी सरकार उत्तराखंड को नेक नीयत से आगे बढ़ा रही है।
उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कई राज्यों में अच्छे काम हो रहे हैं, उन सभी अच्छे कामों को अन्य भाजपा शासित राज्यों में भी ले जाया जा रहा है। यही सच है कि जो जिस राज्य में अच्छा काम हो रहा है, उसे अन्य राज्य भी अपना रहे हैं। यह अपने आप में एक महत्वपूर्ण कार्य है। राजनीति में हर पंथ, हर वर्ग और हर समाज का मत मिलना चाहिए। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी निरंतर सक्रिय बनी हुई है।
कांग्रेस के अधिवेशन से उसे सकारात्मक ऊर्जा मिलनी चाहिए, लेकिन उन्हें ऐसी ऊर्जा मिली है कि कांग्रेस के बड़े बड़े नेता पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं। कांग्रेस पार्टी लगातार टूट रही है।

## 'छत्तीसगढ़ में मची लूट के कारण एजेंसियों को कार्रवाई करनी पड़ी'

**रायपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्रीय मंत्री** अनुराग ठाकुर आईआईएम रायपुर के वाई-20 समिट कार्यक्रम में युवाओं से संवाद करने शनिवार को राजधानी पहुंचे। एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदेश में ईडी की कार्रवाई को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आखिर इतना भ्रष्टाचार क्यों है? छत्तीसगढ़ में मची लूट के कारण एजेंसियों को कार्रवाई करनी पड़ी है। उन्होंने कहा कि देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का संकल्प लिया है। एजेंसी अपना

### साधा निशाना

**देश को भ्रष्टाचार से मुक्त करने का संकल्प लिया है। एजेंसी अपना काम करती है: केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर**

काम करती है।उसमें सरकार का कोई हस्तक्षेप नहीं होता है। भ्रष्टाचार के खिलाफ एजेंसियां पहले भी कार्रवाई करती थी। एजेंसियां अपना काम करती रही हैं,आगे भी करेगी। माफिया सरकार को छत्तीसगढ़ की जनता कभी माफ नहीं करेगी, जहां छत्तीसगढ़ के संसाधनों को लूटकर यहां की सत्ताधारी लोग खा गए।

## सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र की कलाकृति बनी आकर्षण का केंद्र

**भागलपुर/टीम एक्शन इंडिया**
बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर के प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय कृषि मेला में सेंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार की कलाकृति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि विक्रमशिला मिल्क लिमिटेड भागलपुर के बुलावे पर पूर्वी चंपारण से अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने सुधा काउंटर के ठीक सामने रखे एक ट्रक बालू पर 6 फिट ऊंची गाय की कलाकृति उकेरी है। इस कलाकृति के जरिए सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र ने लोगों को नारी शक्ति का शक्तिशाली संदेश भी दिया है। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अपनी बेहतरीन कला से पशुपालन और दुग्ध उत्पादन में क्षेत्रीय महिलाओं की भूमिका को सजीव चित्रण किया है। यह आकर्षण का केंद्र बना है। लोग इस सुंदर तस्वीर के सामने अपने मोबाइल फोन में अपनी सेल्फी लेने से नहीं चूक रहे हैं। इस कलाकृति को देखकर हर कोई मोहित हो रहा हैं।

## कुएं में गिरने से 13 वर्षीय बालक की मौत

**राजगढ़:** कालीपीठ थाना क्षेत्र के ग्राम आम्बा में रहने वाले 13 वर्षीय बालक की कुएं में गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा और मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। थानाप्रभारी राकेश दामले के अनुसार बीती शाम ग्राम आम्बा निवासी माखन उर्फ कान्हा(13) पुत्र हिम्मतसिंह सौंधिया की खेत स्थित कुएं में गिरने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बालक के शव को कुएं से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल पहुंचाया।

## प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की बड़ी कार्रवाई

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
**नियम** विरुद्ध काम करने वाले होटलों के विरुद्ध राष्ट्रीय हरितिमा प्राधिकरण (एनजीटी) कार्रवाई कर रही है। यह जानकारी शनिवार को उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशक सुशांत पटनायक ने दी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेशक पटनायक ने बताया कि उत्तराखंड में पर्यावरण संरक्षण को लेकर हर स्तर से सकारात्मक पहल की जा रही है। इसी के तहत एनजीटी के दिशा निदेर्शों का पालन न करने वाले प्रतिष्ठानों पर जुमार्ने की




कार्रवाई की जा रही है। राजाजी नेशनल पार्क से सटे हरिद्वार जिले के 19 प्रतिष्ठानों पर एनजीटी के निर्देश पर कार्रवाई की है। कुछ प्रतिष्ठानों ने जहां पर होटलों और कामर्शियल स्टेब्लिशमेंट का संचालन हो रहा है। उन्होंने नियमों का अनुपालन करना शुरू कर दिया है, लेकिन कई ऐसे प्रतिष्ठान हैं जो अभी भी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं।

**गाइडलाइंस** हज यात्रियों को अपने साथ सिम कार्ड ले जाना होगा। सऊदी अरब में भी वह सिम कार्ड आसानी से खरीद सकते हैं


## हज कमेटी ऑफ इंडिया यात्रियों को नहीं देगी सिम कार्ड

**जयपुर/टीम एक्शन इंडिया**
**हज-2023** के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तारीख दस मार्च तक है, लेकिन केंद्रीय हज कमेटी की ओर से बार-बार जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं। आवेदकों का कहना है कि सभी दिशा-निर्देश जल्द से जल्द लागू हो। हाल ही जारी हुए निर्देश के मुताबिक इस बार हज कमेटी ऑफ इंडिया यात्रियों को सिम कार्ड नहीं देगा। हज यात्रियों को अपने साथ सिम कार्ड ले जाना होगा। सऊदी अरब में भी वह सिम कार्ड आसानी से खरीद सकते हैं। रियाल मुद्रा भी इस बार यात्रियों को नहीं दी



जाएगी। ऐसे में यात्रियों को सउदी अरब पहुंचने पर मुद्रा का आदान प्रदान करने से अधिक राशि देनी होगी। हज यात्रियों को चयन खुर्रे यानि लॉटरी से होगा। राजस्थान राज्य हज कमेटी के अधिकारियों के मुताबिक लॉटरी 17 मार्च से 20 मार्च तक खुलेगी। नाम आने के बाद हज यात्री को पहली किश्त 81 हजार 500 रुपये 24 मार्च से पहले जमा करनी होगी। 27 मार्च तक पहली किश्त की रसीद, पासपोर्ट, चिकित्सा प्रमाणपत्र और हज आवेदन फॉर्म के साथ 27 मार्च तक राज्य हज कमेटी को भेजने होंगे।

हज यात्रियों को दूसरी किश्त एक लाख 70 हजार रुपये मार्च के अंतिम दिन तक जमा करनी होगी। हज की अंतिम किश्त मक्का और मदीना में रिहाइश, ट्रांसपोर्ट, हवाई जहाज का किराया के साथ अंतिम किश्त जमा करनी होगी। यह किश्ते आनलाइन या स्टेट बैंक ऑफ इंडिया या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में जमा करनी होगी।

MARUTi
nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB
COMPLETE
CTP UNIT
BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546